राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

मासिक रिपोर्ट – सितंबर 2024

एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ। परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य संचालन और रखरखाव चरण के अंतर्गत प्रगति पर है। विक्रेता द्वारा स्मार्ट फीडर मीटर के निरीक्षण के लिए आमंत्रण किया गया।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 9 सितंबर 2024 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आयोजित RDSS की 41वीं निगरानी समिति की बैठक में कानपुर और नोएडा शहरों के लिए स्मार्ट वितरण डीपीआर को मंजूरी दी गई।
2. 10 सितंबर 2024 को IIT हैदराबाद ने तीसरे पक्ष के डेवलपर अनुप्रयोगों के साथ उपभोक्ता डेटा साझा करने के लिए विकसित API पर संक्षिप्त डेमो प्रस्तुत किया, जिसमें JVVNL परियोजना से डेटा का एकीकरण प्रस्तुत किया गया था। इसके अलावा, 27 सितंबर 2024 को चंडीगढ़ स्मार्ट ग्रिड परियोजना के डेटा को भी परीक्षण/एकीकरण के लिए IIT हैदराबाद के साथ साझा किया गया।
3. 4 सितंबर 2024 को उप सचिव (विद्युत मंत्रालय) द्वारा NSGM के तहत स्वीकृत चंडीगढ़ सब डिवीजन - 5 स्मार्ट ग्रिड परियोजना की समाप्ति के संबंध में एक आभासी बैठक हुई।
4. 18 सितंबर 2024 और 19 सितंबर 2024 को कई ऑडिट मांगों क्रमशः AREQ#552665 तथा AREQ#552226 के लिए विद्युत मंत्रालय को NSGM के प्रारूप उत्तर प्रस्तुत किया गया।
5. 13 सितंबर 2024 को विद्युत वितरण में स्मार्ट मीटर के संबंध में के.वि.प्रा. में प्राप्त कई आरटीआई प्रश्नों के लिए NSGM इनपुट्स EGSM ग्रुप के साथ साझा किया गया।
6. सितंबर 2024 तक, अब तक विभिन्न स्थानों पर 1.41 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

sd/-

निदेशक, NPMU (प्रभारी)
dir.npmu.nsgm@gov.in